Title: Regarding improvement in railway services in Gwalior Parliamentary Constituency

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में रेल सुविधा के बेहतरीकरण हेतु आग्रह निम्नवत हैं :-

1. ग्वालियर से सप्ताह में तीन दिन चलने वाली ग्वालियर ? अहमदाबाद एक्सप्रेस 22547 को प्रतिदिन करने की आवश्यकता है ।

2. कोविड-19 के बाद ट्रेनों का संचालन फिर से होने के बाद भी ग्वालियर ? आगरा शटल 51881 का संचालन पुन: नहीं किया गया । इस ट्रेन का संचालन पुन: करते हुये इसे शिवपुरी तक बढाया जाने एवं इसी तरह मोहना स्टेशन पर भी ट्रेनों का ठहराव पूर्व की तरह करने पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाये ।

3. गोंडवाना एक्सप्रेस 12409/12410 का डबरा स्टेशन पर ठहराव समाप्त कर दिया गया है । छत्तीसगढ और महाराष्ट्र के साथ-साथ दिल्ली आवागमन के लिये यही एक महत्वपूर्ण ट्रेन है । इसका ठहराव पुन: किया जाये ।

4. राजधानी एक्सप्रेस (22222 / 22221) का अन्य शहरों की तुलना में ग्वालियर का रिजर्वेशन का कोटा बहुत ही कम है जबकि इस ट्रेन से बडी संख्या में लोग मुम्बई उपचार एवं अन्य जरूरी कार्य के लिये यात्रा करते है । इस ट्रेन का ग्वालियर को पर्याप्त रिजर्वेशन कोटा प्रदान करने का कष्ट करें ।

5. पूर्व में ग्वालियर स्टेशन पर अधिकतर गाडियों का स्टॉपेज 05 मिनिट से 02 मिनिट कर दिया गया है । जिससे यात्रियों को काफी असुविधा हो रही है ।